`

# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–15 मार्च 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- पेट्रोल–डीजल के दाम प्रति लीटर दो रूपये हुए कम। आज से नई दर लागू।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अम्बेडकर नगर, अयोध्या और गोण्डा में लगभग पांच हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास। कहा– अब तक एक करोड़ श्रद्धालु कर चुके हैं श्रीरामलला के दर्शन।
- मुख्यमंत्री ने उपजिलाधिकारियों, पुलिस उपाधीक्षकों और लेखाधिकारियों को वितरित किये नियुक्ति पत्र। कहा– परीक्षाओं की शुचिता भंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई कर रही है सरकार।
- होली पर विशेष बसें चलायेगा परिवहन निगम। चालकों, परिचालकों को मिलेगा प्रोत्साहन भत्ता।

**********

लोकसभा चुनाव के ठीक पहले सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में प्रति लीटर दो रूपये की कमी की है। यह कटौती आज सुबह छः बजे से प्रभावी कर दी गयी है। बाइस मई दो हजार बाइस के बाद पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में पहली बार बदलाव किया गया है। उस समय केन्द्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर लागू उत्पाद शुल्क में दस रूपये प्रति लीटर की कटौती की थी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल  अम्बेडकरनगर, अयोध्या और गोण्डा में चार हजार नौ सौ करोड़ से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने अम्बेडकरनगर में दो निजी औद्योगिक विकास परियोजनाओं का भी शुभारंभ किया, इनके माध्यम से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इसके बाद श्री योगी ने अयोध्या धाम में एक हजार नब्बे करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने विराट किसान मेले एवं कृषि प्रदर्शनी के समापन समारोह को संबोधित करते हुये कहा कि अयोध्या देश की पहली सोलर सिटी बन रही है, अब तक एक करोड़ श्रद्धालु श्री रामलला के दर्शन कर चुके है।

उन्होने कहा कि परिवार आईडी से पात्रों को उन योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए अधिकारी उनके घर तक जाएंगे, जिनसे वे अभी तक वंचित है। गोंडा में मुख्यमंत्री ने विभिन्न परियोजनाओं सहित स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की शुरुआत की। उन्होने कहा कि गोंडा और देवीपाटन कमिश्नरी में विकास के कार्यों में रुकावट नहीं आयेगी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल मिशन रोजगार के तहत अपने सरकारी आवास पर उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग से चयनित उन्तालीस उप–जिलाधिकारियों, इकतालीस पुलिस उपाधीक्षकों एवं सोलह लेखाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किये। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जब सरकार ईमानदारी के साथ काम करती है तो लोगों का नजरिया बदलता है। उन्होंने कहा कि सरकार परीक्षाओं की शुचिता भंग करने और युवाओं के भविष्य के साथ खेलने वालों पर कड़ी कार्यवाही कर रही है। मुख्यमंत्री ने नव चयनितों को संबोधित करते हुए कहा कि वे जनसेवा करते हुए अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि पहली बार किसी आयोग और बोर्ड ने केवल नौ महीने में चयन प्रक्रिया पूरी की है, जिसमें बिना किसी सिफारिश और हस्तक्षेप के नियुक्तियां हुई हैं। श्री योगी ने कहा कि सरकार की कार्य योजना का परिणाम है कि पिछले सात वर्षो के अन्दर करोड़ों युवाओं को रोजगार की सुविधा और नौकरी उपलब्ध करायी गई है, जिससे प्रदेश की जीडीपी में भी इजाफा हुआ है।

**********

एक राष्ट्र–एक चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति ने कल नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को रिपोर्ट सौंपी। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में यह उच्च स्तरीय समिति गठित की गई थी। कमेटी ने देश में लोकसभा, विधानसभा, नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को एक साथ कराने की सिफारिश की है। इस कमेटी ने गठन के एक सौ इक्यानबे दिनों के भीतर दी गयी अपनी सिफारिशों में चुनावों को दो चरणों में एक साथ चुनाव को पूरा करने का सुझाव दिया है। पहले चरण में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव कराने का प्रस्ताव दिया गया है जबकि दूसरे चरण में लोकसभा और विधानसभा चुनावों के सौ दिनों के भीतर ही नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव कराने का प्रस्ताव दिया है।

**********

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले निर्वाचन आयोग में आयुक्तों के खाली पड़े दोनों पदों पर वरिष्ठ अधिकारी ज्ञानेश कुमार और सुखवीर सिंह संधू की नियुक्ति कर दी गयी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली चयन समिति ने कल नियुक्ति को मंजूरी दी। आयोग में दोनों पद हाल ही में अरूण गोयल के इस्तीफा देने और अनूप चन्द्र पाण्डेय के चौदह फरवरी को सेवानिवृत्त होने के चलते खाली हो गये थे।

**********

`

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर में पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं के उत्साह को चित्रित करने वाला एक वीडियो साझा किया है। सोशल मीडिया पर श्री मोदी ने एक पोस्ट में कहा कि पूरे देश के युवा मतदाता कह रहे हैं मेरा पहला वोट देश के लिए।

**********

होली के पर्व पर यात्रियों की सुविधा के लिये जहां रेलवे प्रशासन कई स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू कर रहा है वहीं, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम भी बाइस मार्च से एक अप्रैल तक होली स्पेशल बसों का संचालन करने जा रहा है। इस बार होली चौबीस और पच्चीस मार्च को होनी है। इसके बाद गुड फ्राइडे, शनिवार और रविवार की छुट्टी है। ऐसे में पूरे सप्ताह भर लोग अपने घरों को आने–जाने के लिए बसों को प्राथमिकता देंगे। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार ने होली स्पेशल बसें चलाने का निर्णय लिया है। इस दौरान परिवहन निगम अपने चालक और परिचालकों को प्रोत्साहन भत्ता भी देगा। दस दिन तक अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टियां भी रद कर दी गई हैं। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि प्रोत्साहन अवधि के दिनों में दिल्ली से उत्तर प्रदेश के यात्रियों को ले जाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में बसें चलाई जाएंगी जो होली पर्व की शाम तक यात्रियों को उनकी मंजिल तक पहुंचाती रहेंगी। ऐसी ही व्यवस्था लखनऊ और कानपुर नगरों में यातायात प्रबंधन के लिए की जाएगी।

**********

चैत्र नवरात्र की अष्टमी, नवमी और दशमी को श्रीरामलला के चौबीस घंटे दर्शन हो सकेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल अयोध्या के राजकीय इण्टर कॉलेज में राम नवमी और चैत्र नवरात्र की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने चैत्र नवरात्र में अष्टमी, नवमी और दशमी को श्रीराम मंदिर में चौबीस घंटे दर्शन–पूजन की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अधिकारी, श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर समय से व्यवस्था पूरी कर लें। उन्होंने कहा कि इस अवधि में मंदिर के कपाट केवल विशेष पूजन–अर्चन के दौरान ही बन्द किये जाएं। श्री योगी ने रामनवमी पर नगर में साफ–सफाई, पेयजल की व्यवस्था तथा गर्मी के दृष्टिगत श्रद्धालुओं के लिये परिवहन निगम एवं नगर विकास विभाग से समन्वय कर इलेक्ट्रिक बसों की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था की जाए जिससे श्रद्धालुओं को ढाई किलोमीटर से ज्यादा न चलना पड़े।

**********

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने पेटीएम फास्ट टैग उपयोग करने वालों को आज के बाद किसी अन्य बैंक के फास्ट टैग की सुविधा प्राप्त करने की सलाह दी है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने बताया कि फास्ट टैग इस्तेमाल करने वालों को जुर्माने से बचने में मदद मिलेगी। रिजर्व बैंक के दिशा–निर्देशों के अनुसार कल से पेटीएम फास्ट टैग को रिचार्ज नहीं किया जा सकेगा।

**********

पुलिस भर्ती परीक्षा से जुड़े पेपर लीक मामले में उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष जांच दल एसटीएफ ने कल सिद्धार्थनगर में एक आरोपी को गिरफ्तार किया। अट्ठारह फरवरी को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा की दूसरी पाली में पेपर लीक कराने वाले गिरोह के सदस्य इस आरोपी के खिलाफ सिद्धार्थनगर में मुकदमा दर्ज किया गया था। यह आरोपी बिहार के सासाराम जिले का रहने वाला है। इससे पहले एक अन्य अभियुक्त जो कि हरियाणा का रहने वाला था, उसे बारह मार्च को एसटीएफ ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की थी। इस अभियुक्त को मेरठ से गिरफ्तार किया गया था और उसके मोबाइल से पेपर लीक से जुड़े वीडियो बरामद हुए थे।

**********

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण–एफएसएसएआई ने देश भर में सौ जेलों को ईट राइट कैम्पस के रूप में प्रामाणिकता दी है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने कहा कि एफएसएसएआई का लक्ष्य कैदियों और जेल कर्मचारियों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना है। मंत्रालय ने यह भी बताया कि जिन जेलों को ईट राइट कैम्पस की प्रामाणिकता दी गई है उनमें से अधिकतर उत्तरप्रदेश, पंजाब, बिहार और मध्यप्रदेश में हैं।

**********